महत्वपूर्ण/ईमेल द्वारा

प्रेषक,

सचिव

संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद

उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

समस्त प्रधानाचार्य,

राजकीय, अनुदानित एवं पी0पी0पी0 मोड की संस्थाएं,

उत्तर प्रदेश।

संख्याः- 558/ संप्रपप/परी0अनु0-(का30)/2025, दिनांकः 10, जुलाई, 2025

महोदय,

अवगत कराना है कि वर्ष-2025 की काउन्सिलिंग प्रक्रियाधीन है, संस्था/पाठ्यक्रम का आवंटन प्राप्त किये अभ्यर्थियों से सम्पर्क स्थापित करते हुए संस्था स्तर पर प्रवेश की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करायी जानी है। साथ ही कतिपय पालीटेक्निक संस्थाओं की वेबसाइट पर उनके प्रधानाचार्य का मोबाइल नम्बर अपडेट नहीं है, जिससे अभ्यर्थियों को संस्था की जानकारी/सम्पर्क स्थापित करने में कठिनाई उत्पन्न होती है।

तद्नुसार संस्था वेबसाइट पर प्रधानाचार्य का मोबाइल नम्बर एवं प्रवेश सम्बन्धी अन्य विवरण अपडेट कराना सुनिश्चित करें, ताकि आपकी संस्था में आवंटित अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

भवदीय,

(संजीव कुमार सिंह)
सचिव

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निजी सचिव, महानिदेशक प्राविधिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश।
2. निजी सचिव, विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा/निदेशक महोदय, संप्रपप।
3. निदेशक प्राविधिक शिक्षा उत्तर प्रदेश कानपुर।
4. समस्त क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश को इस आशय से प्रेषित कि अपनी क्षेत्राधिकार में आने वाली संस्थाओं को अपने स्तर से भी निर्देशित करना चाहें।

(संजीव कुमार सिंह)
सचिव